# बेतवांचल



नवभारत

भोपाल, गुरुवार 11 जून, 2026


# फोर लेन निर्माण की आड़ में मुरम का अवैध खनन!

**खास बातें**

- कुआखेड़ी से ग्यारसपुर तक खेतों की जमीन खोदकर निकाले जा रहे हजारों डंपर मुरम
- किसान ने बिना अनुमति खुदाई का लगाया आरोप





नवभारत न्यूज

**विदिशा 10 जून, कुआखेड़ी से ग्यारसपुर तक बन रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के दौरान बड़े पैमाने पर मुरम और मिट्टी के अवैध उत्खनन के आरोप सामने आए हैं. क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए जमीन को समतल करने और भराव कार्य में उपयोग होने वाली मुरम की पूर्ति के नाम पर किसानों के खेतों में जगह-जगह गहरी खुदाई की जा रही है.**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूरे मार्ग पर हर दो किलोमीटर के दायरे में कई स्थानों पर अवैध रूप से मुरम निकाली जा रही है, जबकि कुछ ही स्थानों की वैध लीज ली गई है. ग्रामीणों के अनुसार कुआखेड़ी से ग्यारसपुर तक 100 से अधिक स्थानों पर मुरम और मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा है. इनमें से अधिकांश स्थानों पर न तो खनन की वैध अनुमति है और न ही संबंधित विभागों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है. आरोप है कि सड़क निर्माण से जुड़ी बाहरी कंपनियों के कर्मचारी देर शाम से लेकर पूरी रात तक जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से खुदाई करते हैं तथा सैकड़ों डंपरों में मुरम भरकर निर्माण स्थल तक पहुंचाई जाती है.

### किसानों से एग्रीमेंट, लेकिन कई जगह बिना सहमति खुदाई

ग्रामीणों का कहना है कि कुछ स्थानों पर कंपनियों ने किसानों से एग्रीमेंट कर जमीन से मुरम निकाली है, लेकिन कई मामलों में किसानों की सहमति के बिना भी खुदाई किए जाने के आरोप लग रहे हैं। किसानों का आरोप है कि प्रशासन और खनिज विभाग द्वारा इस बात की जांच नहीं की जा रही कि किस स्थान पर वैध लीज स्वीकृत है और किस जगह अवैध रूप से खनन किया जा रहा है.क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आ सकती हैं. खेतों में गहरी खुदाई होने से कृषि भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है और किसानों को भविष्य में खेती करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है.

### खनिज विभाग की भूमिका पर उठ रहे सवाल

क्षेत्र में लगातार हो रही खुदाई और भारी संख्या में मुरम से भरे डंपरों की आवाजाही के बावजूद खनिज विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने पर सवाल उठ रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग नियमित निरीक्षण करे और वैध-अवैध खदानों की जांच कराए तो अवैध उत्खनन पर रोक लगाई जा सकती है.कुआखेड़ी से ग्यारसपुर तक फोरलेन निर्माण में उपयोग की जा रही मुरम के स्त्रोतों की जांच कराई जाए, सभी खनन स्थलों का सत्यापन किया जाए और जिन स्थानों पर बिना अनुमति उत्खनन हुआ है वहां जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.इससे प्रभावित किसानों को न्याय मिल सकेगा और क्षेत्र में अवैध खनन पर अंकुश लग सकेगा.

### पुलिस में शिकायत, प्रशासन तक पहुंचेगा मामला

किसान रविंद्र कुशवाह ने पूरे मामले की शिकायत ग्यारसपुर थाने में की है.इसके साथ ही उन्होंने खनिज विभाग और जिला कलेक्टर से भी शिकायत करने की तैयारी की है.किसान का कहना है कि उनकी जमीन को हुए नुकसान की भरपाई कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए. उन्होंने बताया कि घटना की सूचना खनिज विभाग के निरीक्षक को भी दी गई थी, लेकिन सूचना मिलने के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर जांच करने नहीं पहुंचा. इससे ग्रामीणों में नाराजगी है और वे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं.

### अटारी खेजड़ा के किसान ने लगाया गंभीर आरोप

अटारी खेजड़ा गांव के किसान रविंद्र कुशवाह ने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन के रकबा क्रमांक 660/4 में खनिज ठेकेदार द्वारा उनकी अनुमति के बिना खुदाई कर सैकड़ों डंपर मुरम निकाल ली गई. किसान का कहना है कि उन्हें इस कार्य की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई और न ही उनकी सहमति ली गई. रविंद्र कुशवाह के अनुसार जब उन्हें अपनी जमीन पर हुई खुदाई की जानकारी मिली तो उन्होंने इसका विरोध किया और संबंधित अधिकारियों को सूचना दी. उनका आरोप है कि इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई और उत्खनन कार्य जारी रहा.

# कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया लोकतंत्र और विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप

- मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में कांग्रेस का उपवास एवं धरना



नवभारत न्यूज

**विदिशा 10 जून. राज्यसभा के लिए कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नीमताल गांधी चौक पर एक दिवसीय उपवास एवं धरना आयोजित किया गया. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा के समक्ष बैठकर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया.**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि यह लड़ाई केवल एक उम्मीदवार की नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ने के बजाय प्रशासनिक ताकत के बल पर विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है. कांग्रेस इस मुद्दे पर हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी.

नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि यह केवल मीनाक्षी नटराजन का नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक का अपमान है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के अहंकार में लोकतांत्रिक संस्थाओं का राजनीतिक उपयोग कर रही है और कांग्रेस का यह आंदोलन जनता की आवाज बचाने की लड़ाई है.धरना-उपवास कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, सुभाष वोहत, महेंद्र वर्मा, सुशील शर्मा, आशीष महेश्वरी, गोविंद सिंह राजपूत, राजीव प्यासी, मनीष पटेल, अर्पित उपाध्याय, सुजीत देवालिया, सुनील दांगी, अरुण अवस्थी, वैभव भारद्वाज, गोविंद भार्गव, मेहमूद कामिल, राजकुमार पांसी, पर्वत सिंह गोण, बाबूलाल वर्मा, नंदकिशोर शर्मा, हाजी नदिम जावेद, बंटी सक्सेना, अन्नू जैन, हनी गुप्ता, भानु प्रताप सिंह राजपूत, बृजेश जाटव, हेमंत यादव, विशाल सक्सैना, रूप सिंह किरार, शोभित अग्रवाल, महेश पाल, इमरान जावेद, जयदीप शर्मा, बाबू पाल, राहुल रघुवंशी, श्याम रघुवंशी, रोहित साहू, गोविंद अहिरवार, कपिल गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## परिवारिक विवाद के चलते पति-पत्नी ने खाया जहर

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पारिवारिक विवाद के चलते चिचौड़िया पड़रात में पति पत्नी ने जहर खा लिया जिसके चलते उनकी हालत बिगड़ गई जिनको तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जाता है कि परिवार में हार्वेस्टर को लेकर विवाद चल रहा था. जिसके बाद सूरज ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके बाद उनकी पत्नी ने भी जहर खा लिया. जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई. दोनों पति पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर उनकी हालत नाजुक बनी हुई. मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई.

## आप हैं प्रतिभावान सम्मान समारोह की तैयारियां पूर्ण, 13 जून को होगा आयोजन

नवभारत न्यूज

**विदिशा. सेन समाज परिवार विदिशा द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए आयोजित आप हैं प्रतिभावान सम्मान समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में बताया गया कि सम्मान समारोह 13 जून 2026, शनिवार को दोपहर 12 बजे रवीन्द्रनाथ टैगोर भवन ऑडिटोरियम में आयोजित होगा. कार्यक्रम अखिल भारतीय सेन भक्ति पीठ, जोधपुर के सनाचार्य परम पूज्य स्वामी अचलानंद गिरि महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा. उनके आशीर्वचन विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करेंगे.

समारोह में हरियाणा सरकार के हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष यशपाल ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे. बैठक में अतिथियों के स्वागत, प्रतिभाओं के सम्मान तथा कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई.

## ग्रामीण युवाओं के लिए डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**आनंदपुर.** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) विदिशा एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण युवाओं के लिए 10 दिवसीय डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्ट कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें डेयरी व्यवसाय, जैविक खेती एवं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है. कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को उद्यमिता और कौशल विकास का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा.

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**विदिशा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस अवसर पर माधवगंज चौराहे स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की.**



इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर, आसपास के क्षेत्र तथा मालवीय उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा राष्ट्रीय आंदोलन है. उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता को जीवन का संस्कार बनाने और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने का आह्वान किया.

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, दिनेश कुशवाह, प्रशांत खत्री, जिला महामंत्री अनिल सोनकर, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, मुकेश चौकसे, सुनील साहू, राहुल गुप्ता, वीरेंद्र सिंह धाकड़, जीवन सिंह किरार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे.दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले प्रधानमंत्रियों में शामिल होकर नया कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं.

## बुजुर्ग महिला को चक्कर आया, गिरकर हुई मौत

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नटेरन क्षेत्र के तहत आने वाले गांव शेरपुर मूंडरा में रहने वाली एक महिला की मौत गिरने से हो गई, जिनका पीएम मेडिकल कालेज में कराया गया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय लक्ष्मी पत्नी सुखलाल सेन बुधवार की सुबह पूजा पाठ करने के बाद सीढ़ से नीचे उतर रहीं थीं अचानक से उनको चक्कर आ गए.जिनको परिजन अपने वाहन से अस्पताल लेकर विदिशा ला रहे थे जहां रास्ते में उनकी मौत हो गई. मेडिकल कालेज में उनको मृत घोषित कर दिया.परिजनों ने बताया कि शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं है. परिजनों ने आशंका जताई है हार्ट अटैक आने से मौत हो होगी.मौत के स्पष्ट कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ सकेगी.



## साधना सिंह चौहान के जन्मदिवस पर किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना सिंह चौहान के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीवन सिंह किरार अंभां, प्रदेश सचिव वीरेंद्र धाकड़, नवयुवक मंडल के जिला अध्यक्ष नीरज किरार, प्रदेश संगठन सचिव चंद्रभूषण किरार, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद धाकड़, ग्यारसपुर मंडल के मुकेश किरार आदि ने पौध रोपण किया.

## बैठक में कार्यकर्ता सम्मेलन, संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** आम आदमी पार्टी द्वारा सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में आगामी कार्यकर्ता सम्मेलन एवं संगठन विस्तार को लेकर एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा आम आदमी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के मध्य प्रदेश सह-प्रभारी एवं दिल्ली के पूर्व विधायक जगदीप सिंह उपस्थित रहे. इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष अनुशासन समिति भगवत सिंह राजपूत, जिला प्रभारी सज्जाद हुसैन, संगठन मंत्री एस.पी. सिंह, प्रदेश सचिव शैली चावड़ा एवं जिलाध्यक्ष नवीन शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे. बैठक को संबोधित करते हुए





वक्ताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पारदर्शी शासन की राजनीति को लेकर जनता के बीच कार्य कर रही है. पार्टी की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने एवं अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया. इस अवसर पर आगामी कार्यकर्ता सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की गई तथा विधानसभा क्षेत्र में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रमों को गति देने पर चर्चा हुई. वक्ताओं ने कहा कि बेहतर शिक्षा व्यवस्था, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं और ईमानदार राजनीति आवश्यक है, जिसके लिए आम आदमी पार्टी लगातार कार्य कर रही है. बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा पार्टी की विचारधारा को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया. अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया.


**आवश्यक सूचना**

**मौन**

नि:शुल्क शव वाहन चलाने वाले विकास पचौरी जी फिलहाल मौन साधना कर रहे हैं.

इसलिए शव वाहन की आवश्यकता होने पर कृपया फोन करके सूचना न देते हुए शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर रजिस्टर में जानकारी नोट करने की कृपा करें.

ब्लड की आवश्यकता होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.














**पंचायत** | **पुलिस पंचायत में देवर ने भरण-पोषण राशि देने पर जताई सहमति, 8 प्रकरणों की हुई सुनवाई**

# भाई की मृत्यु के बाद व्यापार पर कब्जे का विवाद सुलझा

नवभारत न्यूज

**विदिशा, वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े पारिवारिक, संपत्ति एवं भरण-पोषण संबंधी विवादों के निराकरण के लिए आयोजित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की गई. सुनवाई के दौरान एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि पति की मृत्यु के बाद उनके देवर ने पारिवारिक व्यापार अपने नियंत्रण में ले लिया था. उस समय परिवार के भरण-पोषण और सहयोग का आश्वासन भी दिया गया था,**



**लेकिन बाद में न तो आर्थिक सहायता प्रदान की गई और न ही व्यापार में कोई हिस्सेदारी दी गई.**

पंचायत ने दोनों पक्षों के तर्क और उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया। सुनवाई में यह स्पष्ट हुआ कि आवेदिका को उचित अधिकार मिलना चाहिए। इसके बाद दोनों पक्षों की सहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी माह से प्रत्येक माह की 3 तारीख तक महिला को 7 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे. साथ ही पूर्व की बकाया राशि का भुगतान अगले 18 माह में किया जाएगा. एक अन्य मामले में नटेरन क्षेत्र के एक वरिष्ठ नागरिक ने शिकायत की कि उनके पुत्र और बहू उनका भरण-पोषण नहीं करते तथा विवाद और मारपीट करते हैं। पंचायत ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद पुत्र-बहू को सख्त हिदायत दी कि पिता को अपनी संपत्ति के संबंध में पूर्ण अधिकार प्राप्त हैं. एक 80 वर्षीय महिला द्वारा परिवार की उपेक्षा किए जाने की शिकायत भी पंचायत में पहुंची.सुनवाई के दौरान महिला की तबीयत बिगड़ने पर पंचायत के प्रयासों से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. बाद में पुत्र और बहू को बुलाकर समझाइश दी गई, जिसके बाद दोनों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माता के चरण स्पर्श कर क्षमा मांगी और भविष्य में उनकी पूरी देखभाल करने का भरोसा दिलाया. पंचायत में अन्य मामलों की भी सुनवाई की गई.कुछ प्रकरणों में दस्तावेजों और साक्षियों की आवश्यकता होने के कारण अगली तिथियां निर्धारित की गईं.